तापमान
अधिकतम 13.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 7 जनवरी 2026

12 रेवाड़ी-नारनौल रोड पर बन रही अवैध...

12 अपने हक को आगे आएं महिलाएं : भाटिया


## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी तीन वाहन चालक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद गत वर्ष 22 दिसंबर को केस दर्ज किया था। इस केस में पुलिस ने सुठाना निवासी देवेंद्र को गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 31 दिसंबर को हादसे के बाद फरार हुए वाहन चालक विजय नगर निवासी बलवंत को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 20 दिसंबर को दर्ज मामले में दिल्ली के मडोली निवासी कासिम को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कसोला पुलिस ने अस्पताल में घायल पीड़ित के बयान पर गत वर्ष 29 जून को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने यूपी के पडारिया निवासी शक्ति यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत वर्ष 9 नवंबर को दर्ज किए गए मामले में बिठवाना निवासी राजकुमार को गिरफ्तार किया है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने गत वर्ष 2 नवंबर को ससुराल पक्ष के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**धारूहेड़ा।** थाना पुलिस ने चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने डूंगरवास में सोलर पैनल चोरी होने के बाद गत वर्ष 13 नवंबर को केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में राजस्थान के मुसारी निवासी आरिश को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी को पुलिस ने वारदात के बाद ही गिरफ्तार कर लिया था।

### फरार पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजा जेल

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने लगभग तीन साल से फरार चल रहे एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में हाजिर नहीं होने के बाद चरखी दादरी के बेरला निवासी रोहित को पीओ घोषित किया गया था। कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 5 अप्रैल 2023 को आरोपी के खिलाफ अवमानना का केस दर्ज किया था। रोहित तभी से पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत के तहत उसे जेल भेज दिया गया।

### गाड़ी की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**कोसली।** झाल गांव के बस अड्डे के पास सोमवार शाम हुई सड़क दुर्घटना में सहादत नगर गांव के एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के पिता ने कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। फूल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा सलीम सब्जी लेने झाल बस अड्डे पर पैदल जा रहा था कि रास्ते में एक गाड़ी चालक ने लापरवाही से उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक अपनी गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। सूचना के बाद वे मौके पर पहुंचे तथा सलीम को एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे बड़े अस्पताल के लिए रैफर कर दिया, जिसके बाद वे उसे कोसली अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में सलीम की मौत हो गई।

### रेल संचालन पर दिखा असर, जम्मू तवी-बाड़मेर एक्सप्रेस रही रद्द, लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन

# कोहरे और ठंड का डबल अटैक, पांच डिग्री गिरा दिन का पारा, शीतलहर से कांपे लोग

**दिनभर बादलों के आगोश में समाया रहा सूरज, सड़कों से लेकर बाजारों तक में सन्नाटा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ठंड अपने पीक की ओर बढ़ने लगी है। दिन के तापमान में बड़ी गिरावट आने से ठिठुरन बढ़ गई है। ठंड के साथ कोहरे का प्रकोप जनजीवन को अस्त-व्यस्त करने लगा है। सड़कों पर जहां वाहनों की रफ्तार मंद पड़ गई, तो दूसरी ओर लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन काफी प्रभावित होने लगा है। जम्मू-तवी से बाड़मेर के बीच चलने वाली पूजा एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द कर दिया गया। आने वाले दिनों में कोहरा और गहराने की आशंका जताई जा रही है। मंगलवार को सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। कई स्थानों पर कोहरे की विजिबिलिटी 30 से 40 मीटर ही रही। इससे सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। वाहन चालक लाइटें जलाकर एक-दूसरे के पीछे मंद गति से चलते रहे, जिससे उन्हें गंतव्य तक पहुंचने में काफी समय लगा। यह नेशनल हाइवे काफी व्यस्त है, जिस कारण वाहनों की लंबी लाइनें लग जाती हैं। मंगलवार का दिन सर्दी के सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। अधिकतम तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 13.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।


रेवाड़ी। मंगलवार को दिन के तापमान में कमी से बढ़ी ठिठुरन।

रात का तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवाओं की गति 8 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जबकि नमी का स्तर 80 प्रतिशत तक रहा। बीते साल 6 जनवरी को अधिकतम तापमान 12.5 डिग्री और न्यूनतम 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मंगलवार को पहली बार सुबह से शाम तक सूरज के दर्शन नहीं हुए। दिन के समय कोहरे की बिजिबिलिटी में काफी सुधार हुआ, परंतु शाम ढलते ही कोहरा एक बार फिर गहरा गया। मौसम विभाग के अनुसार अभी बारिश की कोई संभावना नहीं है, ठंड कुछ दिनों तक परेशान कर सकती है।

### फसलों को अच्छे फायदे की उम्मीद

रबी की प्रमुख फसलों सरसों और गेहूं का विकास ठंड पर निर्भर करता है। बीते दिसंबर माह तक दिन के समय मौसम लगातार गर्म बना हुआ था, जिससे दोनों फसलों को नुकसान की आशंका बनी हुई थी। अब दिन का तापमान गिरने से दोनों फसलों को अच्छा फायदा होने की संभावना है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार किसानों को दोनों फसलों की नियमित रूप से हल्की सिंचाई करनी चाहिए, इससे जमीन का तापमान बढ़ेगा। पाला जमने की सूरत में किसानों को शाम के समय खेतों में धुआं करना चाहिए, ताकि पाला नहीं जमे। इस समय अगर बारिश होती है, तो वह दोनों फसलों के लिए कारगर साबित होगी।


रेवाड़ी। मंगलवार को कोहरे में लिपटा रेलवे जंक्शन।

### बचाव करना जरूरी

- जहां तक संभव हो घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए।
- घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त गर्म वस्त्र पहनें।
- सिर और हाथों को ढककर ही घर से बाहर निकलें।
- हरी सब्जियों और प्रोटीन युक्त पदार्थों का सेवन करें।
- तले हुए खाद्य पदार्थों व फास्ट फूड के इस्तेमाल से बचें।
- सुबह बिस्तर से उठते समय शरीर पर पर्याप्त कपड़े पहनें।

### रेल यात्रियों की परेशानी बढ़ने लगी

कोहरा गहराने का असर रेल यातायात को बुरी तरह प्रभावित करने लगा है। पैसेंजर ट्रेनों का संचालन लगभग सही समय पर हो रहा है, परंतु लंबी दूरी की ट्रेनों के देरी से चलने का सिलसिला शुरू हो गया है। मंगलवार को गुजरात के साबरमति से दिल्ली के बीच चलने वाली आश्रम एक्सप्रेस लगभग 2 घंटे की देरी से स्टेशन पर पहुंची। जम्मू-तवी व बाड़मेर के बीच चलने वाली पूजा एक्सप्रेस रद्द कर दी गई, जिससे रेल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। भुज-बरेली एक्सप्रेस का दोनों ओर लगभग 45 मिनट की देरी से संचालन हुआ। लंबी दूरी की अन्य कई ट्रेनों का संचालन भी कोहरे से प्रभावित हो रहा है।


रेवाड़ी। ठिठुरन से बचाव के साथ बावल रोड से गुजरते लोग।

### बिजली की खपत में इजाफा शुरू

ठंड बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत बढ़नी शुरू हो गई है। बारिश नहीं होने के कारण एग्रीकल्चर पावर की खपत पहले ही बढ़ी हुई थी। अब हीटर, रूम हीटर व बिजली के अन्य उपकरण चलने के कारण घरेलू बिजली की खपत भी बढ़ने लगी है। खपत बढ़ने के कारण एक ओर जहां पीक अवर्स में कट लगाए जा रहे हैं, तो दूसरी ओर कोहरे के दौरान ब्रेकर डाउन की संख्या भी बढ़ने लगी है। इंसूलेटर पंक्चर होने से लाइनें फॉल्ट होने के मामले भी बढ़ने लगे हैं। इस साल के पहले दिन बिजली की खपत 55.12 लाख यूनिट थी, जो बीते सोमवार को 67.54 लाख यूनिट पर पहुंच गई। अगर आगे भी सर्दी का सितम ऐसे ही बरकरार रहा तो बिजली की खपत में और बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

### बिजली की दैनिक खपत

| | |
|---|---|
| 1 जनवरी | 55.12 लाख यूनिट |
| 2 जनवरी | 60.92 लाख यूनिट |
| 3 जनवरी | 64.81 लाख यूनिट |
| 4 जनवरी | 65.28 लाख यूनिट |
| 5 जनवरी | 67.54 लाख यूनिट |

# रायपुर के मंदिर से तीन लाख के छत्र और नकदी ले गए चोर

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, ग्रामीणों में आक्रोश, पुलिस कर रही जांच**


रेवाड़ी। सीसीटीवी में कैद चोर व मंदिर में दानपात्र के पास मौजूद चोर वारदात के बाद मंदिर के बाहर मौजूद ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

रायपुर के बाबा बड़देव मंदिर में सेंध लगाकर सोमवार की रात लगभग 3 लाख रुपये के चांदी के छत्र व हजारों रुपये नकदी चोरी कर ले गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके जाकर जांच शुरू कर दी। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस चोरों का पता लगाने के प्रयास कर रही है। कैमरे में एक नकाबपोश युवक चोरी करते हुए नजर आ रहा है। गांव के इस मंदिर में पं. सत्यनारायण पुजारी हैं, जो रात के समय मंदिर में बने कमरे में ही रहते हैं। मंगलवार सुबह गांव का एक व्यक्ति मंदिर में माथा टेकने के लिए गया तो एक कमरे की खिड़की टूटी हुई थी। उसने आवाज लगाकर पुजारी को जगाया। पुजारी ने मंदिर में देखा तो सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। चोर मंदिर से लगभग 3 लाख रुपये के चांदी के 6 छत्र, दानपात्र से लगभग 60 हजार रुपये और मूर्ति के सामने रखी नकदी चोरी कर ले गए। पुजारी ने गांव के सरपंच और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद एक ओर जहां पुलिस मौके पर पहुंची, तो दूसरी ओर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। सीसीटीवी से चोरों की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए।

### मुकदमा दर्ज

पुलिस ने पुजारी सत्यनारायण की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया। दूसरी ओर ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर में चोर पहले भी चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण ही बार-बार चोरी की वारदात हो रही हैं। पुलिस आरोपियों की पहचान कराने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने जब मंदिर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की तो एक नकाबपोश युवक नजर आया। हाथ में बैग लिए यह युवक मंदिर के गल्ले से लेकर दूसरे स्थानों पर भी चोरी करते हुए साफ दिखाई दे रहा है।

### 10 जनवरी से पिण्डवाडा स्टेशन पर शाम 7:21 बजे पहुंचेगी ट्रेन

# यात्रियों की सुविधा के लिए पिंडवाडा व किशनगढ़ स्टेशन पर होगा ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न रेलसेवाओं का पिंडवाडा एवं किशनगढ स्टेशनों प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 12215 दिल्ली सराय-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 10 जनवरी से पिण्डवाडा स्टेशन पर शाम 7:21 बजे आगमन व 7:23 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12216 बान्द्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय रेलसेवा 9 जनवरी से पिण्डवाडा स्टेशन पर रात्रि 11:53 बजे आगमन व 11:55 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19409 अहमदाबाद/साबरमती-



गोरखपुर/थावे रेलसेवा 10 जनवरी से पिण्डवाडा स्टेशन पर दोपहर 2:13 बजे आगमन व 2:15 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर रेलसेवा 10 जनवरी से किशनगढ स्टेशन पर दोपहर 12:22 बजे आगमन व 12:24 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19270 मुजफ्फरपुर-पोरबंदर रेलसेवा 12 जनवरी से किशनगढ स्टेशन पर रात्रि 8:11 बजे आगमन व 8:13 बजे प्रस्थान करेगी। इनके अलावा गाड़ी संख्या 15715 किशनगंज-अजमेर रेलसेवा 12 जनवरी से किशनगढ स्टेशन पर रात्रि 8:17 बजे आगमन व 8:19 बजे प्रस्थान करेगी।

### यहां देखें ट्रेनों को आवागमन व प्रथान

गाड़ी संख्या 19410 गोरखपुर/थावे-अहमदाबाद/साबरमती रेलसेवा 11 जनवरी से पिण्डवाडा स्टेशन पर प्रातः 5:54 बजे आगमन व 5:56 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12215 दिल्ली सराय-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 11 जनवरी से किशनगढ स्टेशन पर शाम 3:01 बजे आगमन व 3:03 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12216 बान्द्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय रेलसेवा 12 जनवरी से किशनगढ स्टेशन पर प्रातः 4:22 बजे आगमन व 4:24 बजे प्रस्थान करेगी।






# कार्तिक की जिंदगी में आई नई मिस्ट्री गर्ल

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन का नाम पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ जोड़ा जा रहा है। लेकिन, हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि कार्तिक आर्यन की जिंदगी में नई मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हो चुकी है। कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कुछ तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कीं, जिसमें वह बीच (समंदर) किनारे आराम फरमा रहे हैं। सामने एक बीचबॉल गेम का नेट लगा है। बिल्कुल इसी तरह की लोकेशन की फोटो करीना नाम की एक लड़की ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। वह भी गोवा में छुट्टियां मना रही हैं।

लाइफ Style



# तारा

## 15 साल में शुरू की थी एक्टिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई

तारा सुतारिया बॉलीवुड की उन खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने छोटे पर्दे से अपना कॅरियर शुरू किया है। तारा ने काफी छोटी उम्र से ही पर्दे पर लोगों का दिल जीता है। इन दिनों तारा 'केजीएफ' स्टार यश के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर काफी चर्चा में हैं।

हाल ही में तारा सिंगर एपी ढिल्लन के कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में रहीं। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में तारा अहम भूमिका में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में तारा के किरदार का नाम रेबेका है। पोस्टर सामने आते ही तारा सुतारिया के किरदार की जबरदस्त चर्चा है जिसमें उनके हाथ में गन भी दिख रहा है। तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव है। वैसे तारा उन दर्शकों के दिलों में सालों से हैं जो डिज्नी इंडिया देखकर बड़े हुए हैं।मुंबई में पली-बढ़ीं तारा सुतारिया ने बहुत छोटी उम्र से ही म्यूजिक, डांस और थिएटर की ट्रेनिंग लेकर एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। तारा ने साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो 'बिग बड़ा बूम' में से में छोटे पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद साल 2011 में आई थी 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा।' साल 2012 में 'बेस्ट ऑफ लक निक्की' का भी हिस्सा रहीं तारा सुतारिया। साल 2012 कॉमेडी शो 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' में भी तारा नजर आईं। इस शो में तारा विन्नी मिश्रा यानी विनीता के किरदार में दिखीं और काफी सुर्खियां भी बटोरीं। उन्होंने साल 2013 में 'ओए जस्सी' में भी एक्टिंग की थी। इस शो में तारा ने जसप्रीत का किरदार निभाया था।

हॉलीवुड मसाला



# जिमी ने ट्रंप का उड़ाया मजाक

**लॉस एंजिल्स।** जिमी किमेल को 'बेस्ट टॉक शो' होस्ट के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 मिला है। इस दौरान जब वह स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंचे तो अपने अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। 4 जनवरी को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 के मंच पर जिमी किमेल ने डोनाल्ड ट्रंप को पब्लिकली धन्यवाद दिया। लेकिन, उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि वहां ठहाके गूंजने लगे। उन्होंने अपने अवॉर्ड जीतने और टॉक शो की सफलता का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति के कामों को दिया।



# ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी

**लॉस एंजिल्स।** मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी। साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं।



# फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।



# हार्दिक की गर्लफ्रेंड से मिले बिग बी...

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और उनकी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो अमिताभ बच्चन के साथ नजर आ रहे हैं। हार्दिक ने बिग बी से अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय करवाया। सभी 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए थे, जो बीती रात को मुंबई में आयोजित हुआ था। मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से बीती रात को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' प्रोग्राम का आयोजन हुआ। नीता अंबानी की अध्यक्षता में आयोजित इस इवेंट में क्रिकेट जगत सहित अन्य मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का परिचय अमिताभ बच्चन से करवा रहे हैं। बिग बी ने क्रिकेटर की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा और तीनों हंस पड़े। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

टीवी मसाला



# स्पेस जेन चंद्रयान सीरीज में भारत का चांद तक का सफर

**नई दिल्ली।** टीवीएफ इस बार एकदम अलग हटकर वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जो इसरो, चंद्रयान, भारत के चांद तक के पहुंचने के मुश्किल सफर को दिखाती है। ये उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी है, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इस शो में नकुल मेहता से लेकर श्रिया सरन सहित कई सितारे नजर आएंगे। टीवीएफ अपनी पंचायत, कोटा फैक्ट्री, एस्पिरेंट्स सहित अन्य फेमस वेब सीरीज के लिए जाना जाता है। अब ये एक नई सीरीज लेकर आ रहा है, जिसमें भारत के चांद पर पहुंचने का एक मुश्किल सफर दिखाया जाएगा। मंगलवार, 6 जनवरी को इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। शो में श्रयिा सरन, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और सौरभ द्विवेदी सहित कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'स्पेस जेन चंद्रयान' के टीजर में दिखाया गया है कि जो चीज किसी ने नहीं देखी, वहां तक लिमिटेड रिसोर्स तक पहुंचना, इसरो से बेहतर किसी को नहीं आता। दुनिया को दिखाने की एक जिद कि ल्यूनर साउथ पोल तक पहुंचने वाला पहला देश भारत होगा। पर साइंटिस्टों को विफलता मिलती है। ऐसे में सवाल उठने लगते हैं कि इस नाकामयाबी के बाद चंद्रयान 3 कैसे बनाएंगे? पर आखिरी में दिखाया गया है कि इसरो भारत को एक स्पेस पावर बनाकर रहेगा। इस वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- चांद तक का सफर आसान तो नहीं था, पर भारत के लिए नामुमकिन भी नहीं था। उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी देखिए, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इसे अरुनभ कुमार ने क्रिएट किया है। डायरेक्टर अनंत सिंह हैं। कहानी को शुभम शर्मा, प्रशांत कुमार और नितिन तिवारी ने लिखा है।

## हटके होगी इस बार मास्टर शेफ की थीम

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है। शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं, विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9, 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है।



# मस्ती भरा राहु-केतु का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु'का फाइल ट्रेलर आज सामने आया है। ट्रेलर पूरा मस्ती से भरा हुआ है। जिसमें पुलकित और वरुण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में शालिनी पांडे भी अपनी हॉट अदाएं दिखाते दिख रहे हैं। 3 मिनट 7 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत पीयूष मिश्रा की आवाज के साथ होती है। जिसमें वो लोगों को दो लोगों के बारे में बताते हैं। जिनका परिचय देते हुए वो कहते हैं हिमाचल के शहर कुल्लू और वहां के दो उल्लू जिनका नाम राहु-केतु है। फिर पर्दे पर दिखते हैं वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट। इसके बाद दोनों की कॉमडी शुरू होती है, जिसे देखकर आपको कई मौकों पर 'फुकरे' की याद आती है। फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि वरुण और पुलकित पनौती हैं, जहां जाते हैं कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। हालांकि, ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि इसी दौरान ये कुछ ऐसा करते हैं, जिससे भ्रष्टाचारियों का खुलासा हो जाता है। जाहिर है कि मेकर्स ने कॉमेडी के साथ-साथ एक संदेश भी देने की कोशिश की है। ट्रेलर में वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे के अलावा बाकी कास्ट भी नजर आती है। जिसमें पीयूष मिश्रा के अलावा अमित सियाल, चंकी पांडे और मनु ऋषि जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। पीयूष मिश्रा का लुक आपको 'तमाशा'में उनके किरदार की याद दिलाता है।




# धुरंधर ने आरआरआर को भी चटाई धूल वर्ल्डवाइड कलेक्शन में मारी बाजी...

**मुंबई।** धुरंधर ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को अब तक पछाड़ दिया है। हाल ही में आरआरआर को भी कलेक्शन के मामले में इसने पीछे छोड़ दिया है। धुरंधर को बॉक्स ऑफिस पर 32 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में इस फिल्म ने हाल ही में आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर के मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किए, जिसमें बताया कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,240 करोड़ रुपए कलेक्शन कर लिया है। साथ ही मेकर्स ने यह जानकारी भी साझा की कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 820.30 करोड़ रुपए कमा चुकी है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के अनुसार एसएस राजामौली निर्देशित की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपए की कमाई थी। यह फिल्म साल 2022 की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने आस्कर अवॉर्ड में भी अपना जलवा चलाया था, इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। फिल्म धुरंधर इस साल रिलीज हुई फिल्मों से भी वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आगे निकल चुकी है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी इसने पछाड़ दिया है। कांतारा चैप्टर 1 ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 900 करोड़ रुपए कमाए, वहीं छावाने वर्ल्डवाइड 809 करोड़ रुपये की कमाई थी। फिल्म धुरंधर अब वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 के कलेक्शन को पार करने पर अपनी नजर टिकाए है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 1742 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म धुरंधर 500 करोड़ रुपए की कमाए और करती है तो शायद फिल्म पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार सके।


## धुरंधर ने वर्ल्डवाइड पार किया 1200 करोड़ का आंकड़ा



## ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

***लॉस एंजिल्स।*** *ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



### 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

### नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

### ये फिल्में भी हुईं चयनित

'मबाउंड के अलावा चयनित हुई फिल्मों में बेलेन (अर्जेंटीना), द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील), इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (दक्षिण कोरिया), सिरात (स्पेन), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान) और द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। इस बारे में अकादमी अवॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी साझा की। अकादमी पुरस्कारों के लिए आखिरी नामांकन की घोषणा गुरुवार 22 जनवरी को की जाएगी।

## खबर संक्षेप



नारनौल। नागरिकों की शिकायतें सुनते डीसी कैप्टन मनोज कुमार।

### डीसी ने लोगों के बीच बैठकर सुनीं समस्याएं

**नारनौल।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार एक बार फिर अपनी कार्यशैली से यह साबित कर दिया कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। अपने व्यस्त शेड्यूल के बावजूद डीसी ने वीआईपी कल्चर को किनारे कर कार्यालय के बरामदे में बैठकर आमजन से मुलाकात की। इस दौरान डीसी ने प्रत्येक फरियादी को अपने पास बिठाकर उनकी बात पूरी तल्लीनता से सुनी। शिकायतों का निपटारा करते हुए उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कड़े लहजे में निर्देश दिए कि जनसमस्याओं में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



नारनौल। कार्यशाला में भाग लेते वाले शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

### सीएल स्कूल में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**नारनौल।** सेक्टर एक स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई शारीरिक शिक्षा विषय विशिष्ट दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अमित गुप्ता व प्राधानाचार्य रविन्द्र सिंह की उपस्थिती में सरस्वती वंदना व दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति डॉ. अशोक कुमार व राजेश कुमार ने लेसन प्लान निर्माण, शैक्षणिक गतिविधियों की प्रभावी रूपरेखा, ब्लूम्स टेक्नोलॉजी के उपयोग तथा मल्टीपल इंटेलिजेंस के माध्यम से शिक्षण को अधिक रोचक एवं परिणामोन्मुखी बनाने के तरीको पर विस्तार से चर्चा की।



महेंद्रगढ़। शिविर के समापन पर उपस्थित स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

### टैगोर स्कूल में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

**महेंद्रगढ़।** टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न हो गया। शिविर एनएसएस अधिकारी सुनील कुमार द्वारा प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह की देखरेख में संचालित किया गया। समापन दिवस पर पूरे सप्ताह में आयोजित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, नशा मुक्ति जागरूकता, स्वास्थ्य व योग कार्यक्रम तथा सामाजिक सेवा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों ने बताया कि इस शिविर ने उन्हें अनुशासन, नेतृत्व, टीमवर्क और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का वास्तविक महत्व समझाया। डायरेक्टर राहुल यादव एवं सीईओ डॉ. निशा यादव ने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है।

# जिले के छोटे किसान गाजर, मटर व गेंदे के फूलों की खेती कर हो रहे मालामाल

- सरकार की योजनाओं का सीधा मिल रहा है लाभ, गेहूं और सरसों की खेती को छोड़कर कमा रहे लाखों रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिले में ज्यादातर किसान सरसों गेहूं और बाजरे की फसल बो रहे है, जिससे किसानों को कम लाभ मिल रहा था, लेकिन अब किसान सरकार द्वारा चलाई गई स्कीमों को अपनाकर लाखों रुपये कमाकर अपनी आजीविका चला रहे हैं। पहले किसान सरसों और गेहूं की खेती पर अधिक ध्यान देते थे। अब अधिक मुनाफा कमाने के लिए किसान अलग-अलग खेती कर दूसरे किसानों को भी जागरूक कर रहे हैं। महेंद्रगढ़ जिले के किसान गाजर, मटर और गेंदे के फूलों की खेतीकर अधिक से अधिक मुनाफा कमा रहे हैं। इसके साथ-साथ सरकार द्वारा दी जा रही योजना का भी भरपूर लाभ उठा रहे हैं। हरियाणा सरकार की ओर से मटर, गाजर और गेंदे के फूलों की खेती करने के लिए सब्सिडी भी दी जा रही है, जिससे किसान और भी ज्यादा प्रोत्साहित होकर इस खेती की ओर रुख कर रहे हैं। सबसे बड़ा कारण यह भी है कि यहां के किसान गेहूं और सरसों की खेती ज्यादा करते थे और मुनाफा भी कम मिल रहा हैं। जिले में गांव पायगा के किसान सतीश कुमार सरसों गेहूं और बाजरे की फसल छोड़कर गाजर, मटर, गेंदे के फूल व प्याज की फसल कर अधिक मुनाफा कमा रहे हैं।



महेंद्रगढ़। खेत से गाजर उखाड़ते हुए। फोटो: हरिभूमि

### दो एकड़ में गाजर और मटर

सतीश कुमार ने बताया कि 2014 से पहले किसानों को किसी भी स्कीम के बारे में पता नहीं होता था, जब से भाजपा सरकार आई है, किसानों को अलग-अलग किस्म की फसल उगाने के लिए प्रेरित कर रही है और सब्सिडी भी दे रही है। उन्होंने दो एकड़ में गेंदे के फूल और दो एकड़ में गाजर और मटर लगा रखे हैं और दो एकड़ में प्याज की बिजाई कर रखी हैं। कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को जागरूक करने के लिए उनको खेतों तक पहुंच रहे हैं।

### साल में अलग-अलग तरह की फसल

इस बारे में जानकारी देते हुए गांव पायगा के किसान सतीश कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा खेती को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग तरह की स्कीम चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार और विभाग का प्रयास है कि किसान ज्यादा से ज्यादा एक साल में अलग-अलग खेती करें और मुनाफा कमाए। उन्होंने कहा कि वह साल में अलग-अलग तरह की फसल लगाकर लाखों रुपए कमा रहे हैं और लोगों को रोजगार देने का काम कर रहे हैं। वे गेंदे के फूल और गाजर की सब्जी उगाकार अब तक लाखों रुपए कमा चुके हैं।

# सरल पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का 15 दिनों के भीतर करें निपटानः उपायुक्त

## मुख्यमंत्री राहत कोष से चिकित्सा सहायता के लिए सरल पोर्टल पर करें आवेदन

उपायुक्त ने लघु सचिवालय में इस कमेटी में शामिल अधिकारियों की बैठक लेते हुए स्पष्ट किया कि इस योजना के तहत आने वाले आवेदनों पर अधिकारी संवेदनशीलता के साथ काम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री राहत कोष योजना गंभीर बीमारियों से ग्रस्त जरूरतमंद नागरिकों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध हो रही है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को लघु सचिवालय में इस कमेटी में शामिल अधिकारियों की बैठक लेते हुए स्पष्ट किया कि इस योजना के तहत आने वाले आवेदनों पर अधिकारी संवेदनशीलता के साथ काम करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सरल पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर 15 दिनों की निर्धारित समय सीमा के भीतर लाभार्थी को सहायता राशि पहुंचाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बैठक के दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की और मौके पर ही एक पात्र नागरिक के उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की। कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि यदि कोई आवेदक दूसरे राज्य में उपचार करा रहा है, तो उसे भी नियमों के तहत सहायता दी जा सकती है, बशर्ते वह हरियाणा का मूल निवासी हो। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि धन के अभाव में जिले के किसी भी नागरिक का उपचार न रूके। उन्होंने बताया कि इस योजना की शर्त यह है कि आवेदक आयुष्मान भारत का लाभार्थी नहीं होना चाहिए। इसके अलावा अगर कोई बीमारी आयुष्मान भारत में कवर नहीं होती, तो इस योजना में शामिल किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें अधिकतम एक लाख रुपये तक की मेडिकल सहायता दी जाती है।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो: हरिभूमि

### मुख्य रूप से इन बीमारियों के लिए मिलती है सहायता

मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत मुख्य रूप से उन गंभीर बीमारियों के लिए सहायता दी जाती है, जिनका खर्च एक आम परिवार के लिए वहन करना कठिन होता है। हरियाणा मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत वित्तीय सहायता के लिए पात्र 25 बीमारियों की सूची में शामिल की गई है। जिसमें हृदय रोग, गुर्दा (किडनी) रोग, कैंसर, टाइरोसिनेमिया टाइप एक के लिए दवा, हड्डियों की कमजोरी (ओस्टियोजेनेसिस इमपरफेक्टा) के लिए चिकित्सा, विकास हार्मोन की कमी और प्रेडर विली सिंड्रोम के लिए चिकित्सा, टर्नर सिंड्रोम और नूनन सिंड्रोम, सिस्टिक फाइब्रोसिस के लिए एंजाइम सप्लीमेंट, प्रतिरक्षा प्रणाली के विकार (प्राइमरी इम्यून डेफिशिएंसी), विशिष्ट प्रतिस्थापन चिकित्सा (आईवीआईजी), यूरिया चक्र विकार और अन्य चयापचय रोगों के लिए विशेष विटामिन थेरेपी, रक्त विकार (पोरफाइरिया) के लिए विशिष्ट दवा व इंजेक्शन, माइटोकॉन्ड्रियल चयापचय से जुड़ी चिकित्सा, सैप्रोप्टेरिन और अन्य नैदानिक अणु, गौचर रोग (टाइप एक व दो) आदि शामिल है।

### आवेदन करने की प्रक्रिया बहुत ही सरल

इस योजना के लिए प्रार्थियों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। वे पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पूर्ण कर सकते हैं। सबसे पहले प्रार्थी सरल पोर्टल पर लॉगिन करें। आवेदन के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है। इसके साथ अस्पताल के बिल, ओपीडी पर्ची व अन्य संबंधित मेडिकल दस्तावेज अपलोड करें। आवेदन के बाद जिला स्तरीय समिति (जिसमें सांसद, विधायक, उपायुक्त और सीएमओ शामिल होते हैं) दस्तावेजों की जांच करती है। आवेदन के 15 दिनों के भीतर प्रक्रिया पूरी करने का प्रावधान है। स्वीकृत राशि सीधे अस्पताल के खाते में या लाभार्थी के बैंक खाते में डिजिटल माध्यम से हस्तांतरित की जाती है।



नारनौल। एंटी ड्रग वॉकाथॉन में भाग लेते डी एंड एसजे एवं अध्यक्ष डीएलएसए नरेंद्र सूरा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

# नशा मुक्ति की मुहिम को घर घर तक पहुंचाना जरूरीः सूरा

- डी एंड एसजे एवं अध्यक्ष डीएलएसए की अगुवाई में दिया नशामुक्त समाज का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं हरियाणा विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशानिर्देश पर नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को शहर में जन भागीदारी के साथ एंटी-ड्रग वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। नशे से जंग, महेन्द्रगढ़ के संग नारे के साथ उपस्थित नागरिकों, माय भारत वॉलंटियर्स, एनसीसी स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों व सामाजिक संगठनों ने एक स्वर में नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। यह वॉकाथॉन राजकीय पीजी कॉलेज से शुरू होकर रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने कहा कि समाज में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति एक गंभीर चिंता का विषय है। हमारा उद्देश्य केवल कानून लागू करना नहीं, बल्कि जागरूकता के माध्यम से युवाओं को इस दलदल से बाहर निकालना और उन्हें सही दिशा दिखाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से चलाए जा रहे ये अभियान तभी सफल होंगे, जब पूरा समाज इसे एक जन-आंदोलन के रूप में स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि इस मुहिम को हर घर तक पहुंचाना अनिवार्य है।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर विभिन्न न्यायिक अधिकारी व जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी प्रशांत कुमार, पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. चंद्र मोहन, माय भारत अधिकारी नित्यानंद यादव, प्रोफेसर नरेश यादव, प्राचार्य विनोद खंगवाल, मेजर वीरेंद्र सेकवाल, प्रोफेसर सतपाल सुलोदिया, दूर्गा शक्ति इंस्पेक्टर मीनाक्षी शर्मा, प्रोफेसर डॉ. विजयदीप गौड़, टेकचंद यादव आदि मौजूद थे।

हस्ती देवी समिति के प्रशिक्षण शिविर से संवर रहा भविष्य

# पायगा में महिलाओं के बढ़ते कदम

**महेंद्रगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में हस्ती देवी जनकल्याणार्थ समिति द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। गांव पायगा में पिछले एक महीने से चल रहे निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से समिति महिलाओं को आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ा रही है। इस शिविर में गांव की 50 से अधिक महिलाएं बड़े उत्साह के साथ हैंडलूम आइटम बनाने और ब्यूटी पार्लर का हुनर सीख रही हैं।

ग्राम सरपंच वीरभद्र सिंह ने समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ही ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए समिति की अध्यक्षा डॉ. पवित्रा राव का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाले कार्य भविष्य में भी आयोजित करने की कामना की। हुनर से आत्मनिर्भरता की ओरशिविर में मुख्य प्रशिक्षक अंकिता सिंह द्वारा महिलाओं को ऊनी वस्त्र, टोपी, स्वेटर, गलीचे और विभिन्न हैंडलूम आइटम बनाने का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र में अंकिता सिंह ब्यूटी पार्लर की बारीकियों से रूबरू करा रही हैं।



### ये रहे मौजूद

शिविर के सफल संचालन में ग्राम सरपंच वीरभद्र सिंह, प्रवक्ता नवीन यादव, आंगनबाड़ी वर्कर मेनका और समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं में ढुरजी, गंगा, प्रीति, खुशी, जयंती, भावना, ज्योति, सोनम, रीना, सुषमा, ममता और संजू सहित 50 से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं।

### नपा की बैठक में विकास कार्यों को दी मंजूरी

**कनीना।** नगर पालिका कार्यालय में साधारण सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने की। बैठक में नगर के विकास को लेकर रायशुमारी की गई। जिसमें वार्ड पार्षदों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने पार्षदों की ओर से प्रस्तुत किए गए विभिन्न बिंदुओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को मंजूरी प्रदान की। इस मौके पर एमई दिनेश कुमार, सचिव कपिल कुमार, जेई राकेश कुमार, उपप्रधान सुबेसिंह, पार्षद नितेश गुप्ता, उषा यादव आदि उपस्थित थे।

# डीएसई पंचकूला घेराव में जिले के कर्मी भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की राज्य कमेटी की ओर से लिए गए फैसले अनुसार मंगलवार को हेमसा पदाधिकारियों की बैठक डीईओ कार्यालय में हुई। जिसमें हेमसा के राज्य सचिव अनिल कुमार यादव ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें कोई नई नहीं है। हेमसा का राज्य प्रतिनिधि मंडल प्रधान संदीप सांगवान व महासचिव हितेंद्र सिहाग के नेतृत्व में अधिकारियों से अनेक बार बैठक कर चुका है, लेकिन आश्वासन के अलावा कर्मचारियों को कुछ नहीं मिला। अब कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में डीएसई पंचकूला के कार्यालय के घेराव को लेकर जिले में कार्यरत लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से संपर्क शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को प्रदेश के शेष जिलों में भी डीईओ के माध्यम से डायरेक्टर शिक्षा सदन पंचकूला के नाम हल्ला बोल प्रदर्शन का नोटिस सौंपा गया। कर्मचारी नेता ब्रह्म प्रकाश ने कहा कि अबकी बार कर्मचारी आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। उन्होंने ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी की समीक्षा व तत्काल स्थानांतरण, खाली पदों पर पदौन्नतियां, एसईटीसी में छूट, योग्यता अनुसार उच्च पदों पर समायोजन, कठिन क्षेत्र नूंह, मोरनी स्पेशल भत्ता 10 हजार, वर्क लोड अनुसार नये पद सृजित करना, पुरानी पेंशन बहाली, हरियाणा वेतन आयोग का गठन, पांच हजार प्रतिमाह अंतरिम राहत, एक्सग्रेसिया में लगाई गई शर्त हटाने, एसीपी 5-10-15 प्रमोशनल पदानुसार, आरक्षित बैकलाग आदि देने की मांग की है।



नारनौल। हल्ला बोल प्रदर्शन के पंपलेट के साथ हेमसा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

# यदुवंशी में नशा मुक्ति व साइबर अपराध पर हुआ कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना व एनएसएस गीत से हुई। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य अभय सिंह यादव ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा स्वयंसेवकों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया तथा संदेश दिया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों को प्रभावित करता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इसी दौरान डॉ. रामपाल यादव, कार्यक्रम अधिकारी अनूप यादव ने भी साइबर अपराध जैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया दुरुपयोग पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों के अनुसार राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों में मोहित, प्रिया, नीतू, यश, गौरव इत्यादि ने भी अपने विचार रखें व सभी स्वयंसेवकों ने समाज को नशा मुक्त एवं साइबर अपराध से सुरक्षित बनाने का संकल्प भी लिया।



महेंद्रगढ़। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि



नारनौल। डीसी मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपते जेजेपी युवा इकाई के पदाधिकारी।

# एचटेट के परिणाम में बदलाव के खिलाफ डीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला के निर्देशानुसार जिले की युवा इकाई ने जिला प्रधान सचिन चौधरी के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार को सौंपा। इस अवसर पर युवा जिला प्रधान सचिन चौधरी ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के परिणाम में बदलाव कर 1284 अभ्यर्थियों को पास किया जाना गंभीर संदेह के घेरे में है। यह पूरा मामला एक बड़े घोटाले की ओर इशारा करता है। जिसकी निष्पक्ष जांच सीबीआई से करवाई जानी चाहिए। जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने बताया कि दो दिन पूर्व सिरसा में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जेजेपी युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने तथ्यों के साथ एचटेट घोटाले को उजागर करते हुए सरकार की शिक्षा व रोजगार व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने हरियाणा पुलिस कॉन्स्टेबल की नई भर्ती में युवाओं को आयु सीमा में कम से कम तीन वर्ष की छूट देने की मांग भी की थी। इस मौके पर शेरू मेहरमपुर, बजरंग गुर्जर, सुनील जेवली, दीपक यादव दौगड़ा अहीर, प्रमोद आकोली, मनोज जोनावास, नगर पार्षद संदीप भाखर, विजयपाल अधिवक्ता, प्रमोद ताखर, बेदू राता, दिनेश राता, विजय अधिवक्ता, सुशील सहरावत अधिवक्ता, वीरेंद्र घटाशेर, रामकुमार मक्शुसपुर, दीपक श्योराण अधिवक्ता, गौरव ढिल्लो, प्रशांत शर्मा, शिवप्रकाश पाली, अनिल हमीदपुर, मनीष खायरा, मनीष अधिवक्ता आदि मौजूद थे।

**आक्रोश** नायब तहसीलदार ने ज्ञापनों को तत्काल उच्च अधिकारियों को प्रेषित करने का दिया भरोसा

# बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या पर कनीना में धरना देकर किया विरोध-प्रदर्शन

प्रधानमंत्री, बांग्लादेश के भारत में स्थित उच्चायोग व संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव के नाम सौंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बांग्लादेश में हिन्दुओं की हो रही हत्याओं के विरोध में प्रजा भलाई संगठन के कार्यकर्ताओं ने उपमंडल अधिकारी कनीना कार्यालय के समक्ष धरना दिया। संगठन सुप्रीमो प्रमुख समाजसेवी अतरलाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के समक्ष एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बांग्लादेश के भारत में स्थित उच्चायोग व संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव के नाम तीन अलग अलग ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपे। नायब तहसीलदार ने ज्ञापनों को तत्काल उच्च अधिकारियों को प्रेषित करने का भरोसा दिया। इलाके के कार्यकर्ता भारी ठंड के बावजूद सुबह से ही कार्यालय के समक्ष एकत्रित होना शुरू हो गए थे। उन्होंने हाथों में पोस्टर लहराकर जोरदार नारेबाजी की। पोस्टरों पर बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार बंद करो बंद करो, बांग्लादेश सरकार होश में आओ होश में आओ, भारत माता की जय तथा हिंदुओं की सुरक्षा करो आदि नारे लिखे हुए थे। अतरलाल ने प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं की चुन चुन कर हत्याएं की जा रही हैं। अपहरण व दुराचार किया जा रहा है। बांग्लादेश सरकार हिन्दुओं की रक्षा करने में विफल रही है। हिन्दुओं की हत्याओं तथा इनकी रोकथाम करने में बांग्लादेश सरकार की विफलता के कारण देश के नागरिकों में रोष है। इसलिए बांग्लादेश के पीड़ित हिन्दुओं के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए यह धरना और प्रदर्शन आयोजित किया गया है।



नारनौल। नेताजी अतरलाल की अगुवाई में प्रदर्शन करते संगठन कार्यकर्ता।

### बांग्लादेश के उच्चायोग के घेराव की चेतावनी

उन्होंने चेतावनी दी बांग्लादेश में अगर हिन्दुओं पर अत्याचार बंद नहीं हुए, तो संगठन के कार्यकर्ता दिल्ली स्थित बांग्लादेश के उच्चायोग का घेराव करेंगे। ज्ञापनों में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों को तत्काल रोकने, आरोपितों के तत्काल गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने तथा बांग्लादेश में रह रहे हिन्दुओं के जान माल की सुरक्षा के पुख्ता प्रबन्ध करने की मांगे की। इस मौके पर रगबीर मुकदम, संजय शर्मा, पदमेन्द्र जांगड़ा, नीतू ठेकेदार, नरेश रोहिल्ला, सुरेन्द्र चौधरी, रामेश्वर, भागसिंह चेयरमैन, कैलाश सेठ, मीरसिंह वैद्य, डॉ. मुकेश, करतार पाथेड़ा, राजेन्द्र पंच सिहोर, सूबेदार मेजर मदन सिंह, किशनपाल, गोपाल, दानसिंह प्रजापत, शेरसिंह यादव, पदम तंवर, दिनेश पंच, देवेन्द्र नम्बरदार, राकेश यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।



नांगल चौधरी। समारोह में शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित करती बीईओ सुनीता यादव। फोटो: हरिभूमि

### आधुनिक तकनीक से पढ़ाई कराने के दिए टिप्स

**नांगल चौधरी।** निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पीएमश्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ। समापन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव ने शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से बच्चों की पढ़ाई कराने के टिप्स दिए। इसके बाद उन्होंने प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि रीमेडियल टीचिंग के माध्यम से विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को मजबूत करने के मकसद से विभाग ने विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया है।

## खबर संक्षेप

### वाहन चालकों के लिए नेत्र जांच कैंप 9 को

रेवाड़ी। सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चालकों की आंखों की जांच के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी कम सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण सुरेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार 9 जनवरी को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक बनीपुर चौक स्थित बस स्टैंड पर कैंप लगाया जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से कैंप में पहुंचकर आंखें चैक कराने का आह्वान किया है।

### गांव नठेड़ा में होंगी खेल प्रतियोगिताएं

कोसली। नठेड़ा गांव में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सरपंच मनोज कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन कोसली विधायक अनिल यादव करेंगे, जबकि पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव करेंगे।

### क्षेत्र के एक गांव से युवती लापता, पुलिस से शिकायत

कोसली। क्षेत्र के एक गांव से एक युवती बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गई। पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी सोमवार रात बिना बताए घर से चली गई है। पिता ने नेहरूगढ़ गांव के एक युवक व उसके परिवार पर उनकी बेटी को छिपाने का संदेह जताया है।

## डीटीपी की लगातार चल रही कार्रवाई के बावजूद बाज नहीं आ रहे कॉलोनाइजर

# रेवाड़ी-नारनौल रोड पर बन रही अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

**सात एकड़ में विकसित हो रही दो कॉलोनी, प्रशासन की कार्रवाई से कॉलोनाइजर में मचा हड़कंप**

### प्लॉट खरीदने वालों से प्रशासन की अपील, खरीद फरोख्त से पहले करें पूरी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र की राजस्व सीमा में अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं।

डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-नारनौल रोड स्थित रामपुरा में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। टीम ने 12 डीपीसी, 3 चारदिवारी, कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने भाड़ावास से करनावास रोड पर करीब 4 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। टीम ने अवैध कॉलोनी में 8 डीपीसी व कच्चे रोड नेटवर्क पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की।

डीटीपी की टीम ने रेवाड़ी-शाहजहांपुर रोड पर अवैध रूप से विकसित किए गए अवैध निर्माणों को भी जमींदोज कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।




रेवाड़ी। नारनौल रोड तथा भाड़ावास रोड पर अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें लोगः सिहाग

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।





रेवाड़ी। गुड़यिानी में श्रीश्याम लैब को सील करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# नियमों के उल्लंघन में चल रहीं लैब सील

## सीएम फ्लाइंग की छापेमारी से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

खून व दूसरी जांच के लिए संचालित लैबोरेट्रीज में किस तरह नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, इसका उदाहरण मंगलवार को सीएम फ्लाइंग की छापेमारी में सामने आया। फ्लाइंग ने एक लैब को सील कर दिया, जबकि दो के संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। सीएम फ्लाइंग की रेड के बाद कई लैब संचालक शटर बंद करने के बाद फरार हो गए। सीएम फ्लाइंग को शिकायत मिली थी कि कई लैब संचालक नियमों की परवाह किए बिना टेस्टिंग का कार्य कर रहे हैं। शिकायत के आधार पर निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने एएसएमओ डा. अजीत सिंह, डा. संदीप व डा. विद्यासागर के साथ लैब की जांच का कार्य शुरू किया।

इससे लैब संचालकों में हड़कंप मच गया। कई लैब संचालक सूचना मिलते ही अपनी लैब के शटर गिराकर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान सीएम फ्लाइंग ने गुड़ियानी की श्रीश्यराम पैथ लैब पर जाकर जांच की। लैब में नियमों की पालना नहीं की जा रही थी। सीएम फ्लाइंग ने इस लैब को सील कर दिया। कोसली की लाल पैथ लैब व शिवा डिजिटल सेंपल कलेक्शन सेंटर को अनियमितताएं पाए जाने पर सीएम फ्लाइंग ने नोटिस जारी कर दिए। इसके बाद सीएम फ्लाइंग की ओर से रिपोर्ट तैयार की गई, जिससे मुख्यालय को प्रेषित किया गया है।

### कई लैब पर बड़े स्तर पर अनियमितताएं

इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार के अनुसार जांच के दौरान पाया गया कि कई लैब संचालक नियमों की पालना नहीं कर रहे हैं। इन लैब पर भारी अनियमितताएं देखने को मिली हैं। लैब की जांच का कार्य आगे भी चलता रहेगा। लैब बंद करके फरार होने वाले संचालकों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। लोगों की सेहत के साथ जुड़ा मामला होने के कारण इसमें कोताही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों की पूरी पालना करने वाली लैब्स को ही संचालन की अनुमति दी जाएगी।



### जिले में एक मई से में शुरू होगा जनगणना का कार्य

रेवाड़ी। जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जनगणना-2027 का कार्य एक मई में शुरू कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से इसकी तैयारियां की जा रही हैं। जनगणना के लिए सक्षम अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएंगी। डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में जनगणना-2027 को लेकर बैठक आयोजित की गई। डीसी ने कहा कि किसी भी देश-प्रदेश की विकास नीतियों और योजनाओं का आधार जनगणना होती है। हर एक विभाग भविष्य की संभावनाओं तथा वर्तमान आवश्यकताओं को आधार मानकर ही अपनी योजनाओं को अमलीजामा पहनाता है। उन्होंने बताया कि जिले में फिलहाल नगर परिषद रेवाड़ी, बावल व धारूहेड़ा नगरपालिका सहित तीन शहरी क्षेत्र हैं। इसके अलावा कोसली, रेवाड़ी और बावल तहसील के अंतर्गत 412 गांव हैं। इन सभी में तहसीलदार, परिषद के कार्यकारी अधिकारी व पालिका सचिव को बतौर चार्ज ऑफिसर नियुक्त किया जाएगा। डीसी मीणा ने कहा कि जनगणना-2027 का कार्य पूरी तरह से डिजिटल मोड में किया जाएगा। इसके लिए एचएलओ के नाम से एक मोबाइल एप बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहले एक मई से मकानों को सूचीबद्ध किया जाएगा, जिसमें मकान का एरिया, बिजली, पानी, सीवरेज, इंटरनेट केबल व वाहन आदि सुविधाओं को अंकित किया जाएगा। इसके बाद आम जनमानस की गणना का कार्य होगा।

### सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या 20 को



रेवाड़ी। सोलहराही सेक्टर-1 स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में 20 जनवरी मंगलवार को शाम को 5 बजे से सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर परिसर में 7 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी बिजेन्द्र भारद्वाज मेहंदीपुर बालाजी धाम वाले ने बताया कि सुंदरकांड पाठ में दिल्ली से गायक धर्मबीर फौजी व रेवाड़ी से गायक गोपाल वर्मा मनमोहक भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। सुंदरकांड पाठ के मुख्य यजमान विजय कुमार व रीता रानी होंगे। मंदिर के संस्थापक भूपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में भक्तों के सहयोग से 30वें सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

# "जी राम जी एक्ट" भ्रष्टाचार मुक्त रोजगार की गारंटी : लक्ष्मण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) कानून, 2025 भ्रष्टाचार मुक्त ग्रामीण रोजगार की गारंटी प्रदान करेगा। यह ग्रामीण रोजगार नीति अधिक गारंटी वाले कार्यदिवस, उच्च मजदूरी, पारदर्शी भुगतान और टिकाऊ संपत्तियों के निर्माण को सुनिश्चित करता है। वहीं इस नए कानून से पहले की मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार और खामियों को दूर किया गया है। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार और कोसली विधायक अनिल यादव ने जी राम जी एक्ट को श्रमिकों के लिए भ्रष्टाचार मुक्त ग्रामीण रोजगार की गारंटी देने वाला बताया है।

### ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और मेहनतकश परिवारों से जुड़ा हुआ है "जी राम जी एक्ट"



**विधायक लक्ष्मण सिंह** ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों के कल्याण और गांवों के विकास में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत-जी राम जी योजना शुरू की है। यह विषय देश के करोड़ों ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और मेहनतकश परिवारों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कानून का उद्देश्य वास्तविक श्रमिक लाभार्थियों का समर्थन करना है। यह अधिनियम परियोजनाओं की वास्तविक समय में निगरानी की व्यवस्था करता है, मजदूरी भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। श्रमिकों को गारंटीशुदा रोजगार बढ़ाकर अधिक मजदूरी देती है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डिजिटल कनेक्टिविटी, बैंकिंग सेवाओं, डीबीटी, आधार और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। ऐसे में श्रमिकों के हित के लिए विकसित भारत-जी राम जी योजना शुरू की गई है।

### श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास



**विधायक डा. कृष्ण कुमार** ने कहा कि नए प्रावधानों के तहत, रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करने से श्रमिकों को निश्चित अवधि का रोजगार अपने गांव में ही मिल जाएगा। इसके माध्यम से सरकार श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास कर रही है। इससे पूरे भारत वर्ष में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की वार्षिक आय में औसतन 7 हजार रुपये से अधिक की बढ़ोतरी होगी। हरियाणा में मजदूरी दर ज्यादा है, इसलिए हर श्रमिक को कम से कम 10 हजार रुपये अधिक मिलेंगे। उन्होंने कहा कि नई योजना से न केवल काम के अधिक दिन सुनिश्चित होंगे।

### 65% से अधिक महिला श्रमिकों को काम मिला



**विधायक अनिल यादव** ने कहा कि योजना के तहत इस वर्ष हरियाणा में 52 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति के श्रमिकों को तथा 65 प्रतिशत से अधिक महिला श्रमिकों को काम मिला है। यह काम वास्तव में उन्हीं को दिया जाएगा, जिनको रोजगार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस कानून में कार्यों की प्रकृति को भी बदला गया है। पहले मनरेगा के तहत सीमित रोजगार दिया जाता था। अब जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संसाधन और जलवायु परिवर्तन से निपटने वाली स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण में भी रोजगार दिया जाएगा।

### अरावली पर्वत माला बचाओ आंदोलन यात्रा 11 को

रेवाड़ी। अरावली बचाओ आंदोलन रेवाड़ी के तत्वावधान में 11 जनवरी को जन जागृति अभियान के तहत वाहन यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के संयोजक बिजेंद्र सिंह रानी की ड्योढी, मनोज यादव रिटायर्ड ईओ, कैलाश चंद, हेमंत शेखावत रसायन शास्त्री व कॉमरेड राजेंद्र सिंह होंगे। कॉमरेड ने बताया कि यात्रा रविवार सुबह 11 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क से शुरू होगी और कुंड, मनेठी, पाड़ला, अहरोध, खोल, मंदोला, धवाना, लुहाना, सीहा, मूंदी, प्राणपुरा, चिमनावास व खोरी तक जाएगी। कॉमरेड ने कहा कि अरावली पर्वतमाला की पहचान यह है कि यह जीवनदायनी है। थार मरुस्थल बनने से रोकती है। प्राकृतिक संतुलन को बनाती है। जीव जंतु एवं पालतू पशुओं का सहारा है। फसल को सर्दी से बचाती है।



### नौ ताइक्वांडों खिलाड़ियों ने सोनीपत में जीते मेडल

रेवाड़ी। सोनीपत के एसएम हिंदू स्कूल में गत 3 व 4 जनवरी आयोजित हुए स्टेयर्स ताइक्वांडों राज्य गेम्स में रेवाड़ी जिले के 9 खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किए। खिलाड़ियों का जिले में पहुंचने पर विकास नगर स्थित स्कूल में ताइक्वांडों एम्चयोर एसोशिएशन के खजांची एडवोकेट होशियार सिंह ने पदक पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर दीपचंद यादव प्रशिक्षक, निशांत यादव अध्यक्ष व श्रुति शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में पढ़ाई के साथ-2 खेलों में भी मेहनत करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में जीसीडब्ल्यू रेवाड़ी से प्रियंका यादव व विवेक यादव ने स्वर्ण पदक, भारतीय इंटरनेशनल स्कूल से गौरव ने रजत पदक, विवेकानन्द स्कूल धारूहेड़ा से चिराग यादव ने रजत, जीसीडब्ल्यू रेवाड़ी से ज्योति व नेहा शर्मा ने रजत पदक,अरावली इंटरनेशनल स्कूल से प्रिंस यादव ने कांस्य व जीसीडब्ल्यू रेवाड़ी से काजल व पूजा ने कांस्य पदक हासिल किया।

### रैली निकालकर दिया नशा मुक्ति का संदेश

कोसली। शहीद जीतराम राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ के एनएसएस स्वयंसेवकों ने मंगलवार को गांव में रैली निकाल कर नशा मुक्ति का संदेश दिया। इस मौके पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश गोरिया ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए लगातार कठिन परिश्रम ही एकमात्र रास्ता है। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के वित्तीय साक्षरता सलाहकार जयसिंह दहिया व प्रबंधक योगेश मीणा ने स्वयंसेवकों को वित्तीय जानकारी के साथ-साथ अपने खातों को सुरक्षित रखने के उपाय बताए। समाजिक कार्यकर्ता ज्ञानचंद गुप्ता ने सभी स्वयंसेवकों को टी-शर्ट प्रदान की। इस अवसर पर प्रमोद कुमार, नरेंद्र कुमार,यशवीर, सुमनलता, ज्योति, पवन कुमार व सोमवीर सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



रेवाड़ी। रैली निकाल कर नशामुक्ति का संदेश देते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते हुए अधिकारी।

### फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को कंबल बांटे

बावल। मंगलवार को बावल स्थित निजी कंपनी की ओर से जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। सामाजिक इकाई सुमन निर्मल मिंडा फाउंडेशन की ओर से बावल के आसपास स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले 500 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित बांटे गए। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी नरेंद्र सिंह यादव व विनोद यादव सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे। सभी ने समुदाय की सहायता करने और कड़ाके की सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने काम किया। स्थानीय लोगों ने फाउंडेशन की पहल की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

### बच्चों की जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी



रेवाड़ी। जिले के सभी बच्चों को साक्षर बनाने व आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन को मुख्यधारा में लाने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से मुहिम शुरू की गई है। मुहिम को लेकर एडीसी राहुल मोदी ने जिला स्तर पर दो हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। एडीसी मोदी ने बताया कि 9 जनवरी तक आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए विशेष सर्वे अभियान चलाया जा रहा है, जिससे कि इनकी वास्तविक संख्या का पता लग सके।

### डीएचबीवीएन हटाएगा सड़कों के बीच में खड़े बिजली के पोल, विभागों से भी वसूली जाएगी राशि



रेवाड़ी। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़कों के बीच में खड़े खतरनाक बिजली के खंभों और कम ऊंचाई पर लटक रही विद्युत लाइनों के संबंध में नए निर्देश जारी किए हैं। डीएचबीवीएन प्रवक्ता ने बताया कि विभिन्न सरकारी व स्थानीय एजेंसियों की ओर से सड़क चौड़ीकरण या नई सड़क निर्माण के चलते कई स्थानों पर बिजली के खंभे मुख्य मार्गों के बीच आ गए हैं। ऐसे खंभों को संबंधित एजेंसियों की ओर से जमा लागत पर हटाया जाना चाहिए, लेकिन कई स्थानों पर अभी भी खंभे यथावत खड़े हैं, जिससे आमजन और वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। विशेषकर रात्रि और कोहरे के मौसम में इनके कारण गंभीर दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। बार-बार सड़क निर्माण कार्यों के कारण विद्युत लाइनों की ऊंचाई भी कम हो जाती है, जिससे विद्युत हादसे होने की संभावना बढ़ जाती है।

### कार्य का रिकॉर्ड रखना होगा अनिवार्य

कार्य से पहले और बाद की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी के साथ तारीख, समय और जियो लोकेशन का रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा। एसडीओ ऑपरेशन को संबंधित अवसंरचना का जीआईएस मैपिंग अपडेट सुनिश्चित करना होगा। अधीक्षण अभियंता और कार्यकारी अभियंता पखवाड़ा वार समीक्षा कर गतिविधियों की रिपोर्ट संबंधित मुख्य अभियंता ऑपरेशन को भेजेंगे, जहां इसे डब्ल्यूटीडी की तिमाही बैठक में समीक्षा के लिए रखा जाएगा। सभी अधिकारियों को इन निर्देशों की अनुपालना करने के निर्देश दिए गए हैं।

**दौरा** महिला आयोग की चेयरपर्सन ने वन स्टॉप सेंटर, जेल, महिला थाने का किया निरीक्षण

# अपने हक को आगे आएं महिलाएं : भाटिया




रेवाड़ी। वन स्टॉप सेंटर व जिला जेल का निरीक्षण करते हुए चेयरपर्सन रेणु भाटिया। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर, जिला जेल, महिला थाना व सेफ हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेयरपर्सन ने महिलाओं की सुरक्षा और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चेयरपर्सन भाटिया ने वन स्टॉप सेंटर में आई हुई महिलाओं की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारी को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्म सम्मान के साथ जीने के अधिकार प्राप्त हैं। किसी भी परिस्थिति में महिलाओं को घबराने की जरूरत नहीं है। समाज में महिलाओं के साथ उपेक्षा का व्यवहार इसलिए होता है कि वे हालात को चुपचाप सहन करती हैं। महिलाओं को आगे आकर अपने हक की लड़ाई लड़नी चाहिए। राज्य महिला आयोग महिला अधिकारों की सुरक्षा करता है और उनकी भलाई के लिए काम कर रहा है।

### वन स्टाप सेंटर हो स्थानांतरित

चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बताया कि करीब ढाई साल पहले उन्होंने वन स्टॉप सेंटर को मौजूदा स्थान से स्थानांतरित करने के निर्देश दिए थे। जिला प्रशासन ने उस समय कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सहायता और सुरक्षा के लिए बनाए गए इस केंद्र की मौजूदा स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि जिले में स्थापित किए गए वन स्टॉप सेंटर में जरूरतमंद महिलाओं को एक ही छत के नीचे परामर्श की सुविधा, चिकित्सा, पुलिस सहायता, आपातकालीन आश्रय व कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। चेयरपर्सन ने मौके पर मौजूद एसडीएम सुरेश कुमार को वन स्टॉप सेंटर को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को सरकार की ओर से हमें सौंपी गई जिम्मेदारी को समझना चाहिए और उसे ईमानदारी से निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर में आ रही परेशानियों को महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय बैठक में रखा जाए। वन स्टॉप सेंटर में एक महिला पुलिस कर्मी को तैनात किया जाए।

### दयाकिशन ने हॉफ मैराथन में जीता गोल्ड



रेवाड़ी। मध्य प्रदेश पुलिस से रिटायर्ड 68 वर्षीय एएसआई दयाकिशन यादव निवासी भाड़ावास ने रत्नागिरी महाराष्ट्र में आयोजित मास्टर्स गेम्स की 10 किलोमीटर हॉफ मैराथन दौड़ में 52 मिनट का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक जीता है। दयाकिशन यादव मध्य प्रदेश पुलिस से 31 मार्च 2021 को एएसआई की पोस्ट से रिटायर हुए थे। इससे पहले भी दयाकिशन अनेक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के मास्टर्स वर्ग में दौड़ प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करके अपने गांव व जिले का नाम रोशन कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि से युवाओं में जोश व खुशी की लहर है। दयाकिशन अपनी तंदुरुस्ती का श्रेय नियमित व्यायाम, संतुलित व पोष्टिक खानपान, सकारात्मक सोच व प्रभु कृपा को देते हैं।